Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 13 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 286

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जालंधर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, खालिस्तानी समर्थक सांसद अमृतपाल का भाई ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

**जालंधर (आरएनएस)।** पंजाब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खालिस्तानी समर्थक और पंजाब की खडूर साहिब सीट से सांसद अमृतपाल सिंह के भाई हरप्रीत सिंह को आइस (ड्रग्स) के साथ गिरफ्तार किया है। सूत्रों से पता चला है कि हरप्रीत सिंह से पुलिस ने करीब पांच ग्राम आइस बरामद की है। हरप्रीत से बरामद ड्रग मेथैम्फेटामाइन बताई जा रही है। इसके बाद उसका देर रात को ही मेडिकल भी कराया गया। हरप्रीत सिंह की गिरफ्तारी की पुष्टि जालंधर देहात पुलिस के एसएसपी अंकुर गुप्ता ने की है। उन्होंने कहा कि जल्द हम मीडिया के साथ जानकारी साझा करेंगे। एसएसपी अंकुर गुप्ता ने कहा कि हमने हरप्रीत को गिरफ्तार किया है। जल्द हम इस बारे में आपसे जानकारी सांझा करेंगे। सूत्रों के अनुसार जिस वक्त हरप्रीत सिंह को पकड़ा गया, वह नशे में था। पुलिस ने इस पूरे मामले की वीडियोग्राफी भी की है। हरप्रीत के साथ एक और उसका साथी था। जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया है। फिल्लौर हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान उसे गिरफ्तार किया गया है। ये उस वक्त कार में सवार थे।

### बड़ा हादसा टला: हवा में टकराने से बाल-बाल बचे दो विमान, 159 लोगों की अटकी सांसें

**न्यूयॉर्क ।** न्यूयॉर्क के सिरैक्यूज़ हैनकॉक इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर आसमान में एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। दो विमान आपस में टकराने से बाल-बाल बच गए। 8 जुलाई को उत्तरी सिरैक्यूज़ पुलिस विभाग की गश्ती कार पर लगे कैमरे में यह भयावह क्षण कैद हो गया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल है। रिपोर्ट में कहा है कि संघीय उड्डयन प्रशासन ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों विमान कॉमर्सियल विमान कंपनियों के थे। एक फ्लाइट एयरलाइंस 5511 और दूसरी एंडेवर एयर 5421 थी। जारी एक बयान में कहा गया है कि यह घटना 8 जुलाई को सुबह लगभग 11.50 बजे हुई। एटीसी ने एयरलाइंस 5511 को सिरैक्यूज़ हैनकॉक इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक विमान से अलग रहने के लिए निर्देश दिया। वह उसी रनवे से उड़ान भर रहा था। रिपोर्ट में फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के डेटा के आधार पर बताया है कि वाशिंगटन से आने वाली फ्लाइट और न्यूयॉर्क जाने वाली एंडेवर एयर फ्लाइट एक दूसरे से लगभग 700-1000 फीट की दूरी पर खड़ी थीं। पीएसए एयरलाइंस 5511 में 75 यात्री और चार क्रू मेंबर थे। वहीं, एंडेवर एयर 5421 में 76 यात्री और चार क्रू मेंबर थे। इनमें दो पायलट और दो फ्लाइट अटेंडेंट शामिल थे। इस घटना में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है।

### नेपाल में मौसम का कहर : 63 यात्रियों को ले जा रही दो बसें भूस्खलन से नदी में बहीं

**काठमांडू ।** नेपाल में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया है। भूस्खलन के कारण दो बसें त्रिशूली नदी में बह गईं। दोनों बसों में लगभग 63 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। इस हादसे पर नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल दुख जताया है। चितवन के जिलाधिकारी इंद्रदेव यादव ने बताया कि हम घटना स्थल पर हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। लगातार हो रही बारिश की वजह से रेस्क्यू में बाधा आ रही है। बता दें कि इन दिनों नेपाल में मूसलाधार बारिश हो रही है। पुलिस के अनुसार, काठमांडू जा रही एंजेल बस में 24 और गणपति डीलक्स बस में 41 लोग सवार थे। हालांकि, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस के नदी में बहने से पहले कूदने में सफल रहे। यह हादसा सुबह करीब 3.30 बजे हुआ। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने हादसे में दुख जताया है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट किया, नारायणगढ़-मुग्लिन सडक़ खंड पर भूस्खलन के कारण दो बसों के नदी बह जाने से लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की रिपोर्ट, देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्तियों के नुकसान से मैं बहुत दुखी हूं। मैं गृह प्रशासन सहित सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों की खोज और प्रभावी बचाव के निर्देश देता हूं।

# दर्दनाक हादसा: यात्री बस और लॉरी के बीच भीषण टक्कर, नौ लोगों की मौत- 15 से अधिक घायल

**बेंगलुरु । आरएनएस**



कर्नाटक के कोलार में गुरुवार देर रात लॉरी ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हैं। भीषण सडक़ हादसा कोलार के पास नरसापुर में हुआ। बस बेंगलुरु से तिरुपति की ओर जा रही थी। कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं जिससे हादसे की भयावहता को समझा जा सकता है। यात्री बस के परखच्चे उड़ गए हैं और सडक़ पर कागजात बिखरे हुए हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक ओवरटेक करने की कोशिश में ये दुर्घटना हुई।

हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। यातायात प्रभावित हो गया था जिसे चालू कराया गया। साथ ही राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। पुलिस की टीम घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम कर रही है।

कर्नाटक में 24 घंटों के भीतर हुआ ये दूसरा बड़ा हादसा है। गुरुवार को ही मांड्या जिले के नागमंगला तालुक में श्रीरामनहल्ली गेट के पास एक कार और कैंटर वाहन के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई थी। कार होलालकेरे से मैसूरु जा रही थी तभी यह हादसा हुआ।

## आंध्र प्रदेश में सडक़ हादसा , बाइक सवार तीन प्रवासी श्रमिकों की मौत

**तिरुपति (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले स्थित सत्यवेदु में कार बाइक की भिड़ंत में तीन प्रवासी श्रमिकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा तिरुपति जिले के सत्यवेदु बुच्चिनेडु कांड्रिगा मंडल के पारलापल्ली के पास हुआ। हादसे में बाइक सवार तीन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए श्रीकालाहस्ती एरिया अस्पताल में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि मृतक अलाथुर के पास एक इंडस्ट्री में काम करते थे। पुलिस के मुताबिक कालाहस्ती से लौटते वक्त यह हादसा हुआ। इससे पहले शुक्रवार सुबह ऐसी ही दर्दनाक खबर कर्नाटक से आई थी। जहां बस को एक लॉरी ने किनारे से जोरदार टक्कर मार दी थी जिसमें बस सवार 9 लोगों की मौत हो गई थी।

भीषण सडक़ हादसा कोलार के पास नरसापुर में हुआ था। बस बेंगलुरु से तिरुपति की ओर जा रही थी। बता दें, 8 जुलाई को ही आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले में एक कार लॉरी की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना द्वारका तिरुमाला मंडल में लक्ष्मी नगर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई थी। पूर्वी गोदावरी जिले में हुई इस वारदात में मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। द्वारका तिरुमाला पुलिस ने बताया था कि परिवार हैदराबाद से घर लौट रहा था, जब उनकी कार खड़ी लॉरी से टकरा गई थी।

## अर्धसैनिक बलों में पूर्व अग्निवीरों को 10 फीसद आरक्षण, सीआईएसएफ जल्द करेगी लागू

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में 10 फ़ीसद पद आरक्षित करने का फैसला किया है। सीआईएसएफ इसको जल्द लागू करने वाला है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सुरक्षा विंग नियमों में संशोधन किया है। इसमें पूर्व अग्निवीरों के लिए बल में 10 फीसद आरक्षण की घोषणा की गई है। बता दें कि गृह मंत्रालय ने पहले बैच के लिए अधिकतम आयु सीमा में पांच साल तक की छूट भी अधिसूचित किया है।

गृह मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट होगी और 10 फीसदी रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी। इसके साथ इनको शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय के अधीन सीआईएसएफ में लगभग 1,70,000 कर्मी सेवारत हैं। यह मुख्य रूप से 66 संवेदनशील और प्रमुख हवाई अड्डों, 14 बंदरगाहों, परमाणु और अंतरिक्ष संस्थानों, दिल्ली मेट्रो, गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और अन्य औद्योगिक इकाइयों को सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा बल 11 निजी प्रतिष्ठानों को भी सुरक्षा प्रदान करने में लगा हुआ है।

## बच्चों को करना होगा इंतजार, 18 जुलाई को होगी नीट-यूजी पेपर लीक मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली । आरएनएस**




मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के कथित पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने वीरवार को अपनी स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी।?सीबीआई ने सील कवर में यह रिपोर्ट दाखिल की वहीं, सुप्रीम कोर्ट में पेपर लीक मामले की आज गुरुवार को होने वाली सुनवाई अगले हफ्ते तक के लिए टल गई है।

शीर्ष अदालत अब इस मामले की सुनवाई 18 जुलाई को करेगी। अदालत ने दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे याचिकाकर्ताओं को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामों पर अपने जवाब दाखिल करने का भी समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच इन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने गुरुवार को कहा कि मामले के कुछ?पक्षकारों को केंद्र और एनटीए द्वारा दायर हलफनामे नहीं मिले हैं और उन्हें बहस से पहले अपने जवाब तैयार करने की जरूरत है। दरअसल केंद्र ने हलफनामे में कहा है कि नीट में स्टूडेंट्स को मिले मार्क्स में इस साल ओवरऑल बढ़ोतरी देखी गई है। खास करके 550 से 720 के रेंज में स्कोर करने वालों की संख्या विभिन्न शहरों और परीक्षा केंद्रों, हर जगह से बढ़ी है। इसका एक कारण सिलेबस का 25 प्रतिशत कम होना भी है। इसलिए किसी तरह के घोटाले की संभावना बेहद कम है।

## संविधान हत्या दिवस भारत के संविधान को कुचलने की याद दिलाएगा : पीएम

**नई दिल्ली । आरएनएस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को कांग्रेस द्वारा लाया गया काला दौर बताते हुए कहा है कि हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय इस बात की याद दिलाएगा कि जब भारत के संविधान को कुचल दिया गया था, तब क्या हुआ था। उन्होंने इसे आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीडि़त हुए हर व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन बताया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि क्या हुआ था जब भारत के संविधान को कुचल दिया गया था। यह हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीडि़त हुए थे, जो भारतीय इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया काला दौर था।

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के निर्णय से जुड़े सरकार के राजपत्र की कॉपी को एक्स पर शेयर करते हुए बताया, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

शाह ने सरकार के इस फैसले के उद्देश्य की जानकारी देते हुए आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीडऩ का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया। संविधान हत्या दिवस हर भारतीय के अंदर लोकतंत्र की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अमर ज्योति को जीवित रखने का काम करेगा, ताकि कांग्रेस जैसी कोई भी तानाशाही मानसिकता भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न कर पाए।

## शराब घोटाले में सीएम केजरीवाल को सुप्रीमकोर्ट से अंतरिम जमानत, नहीं होगी रिहाई

**नई दिल्ली । आरएनएस**



शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। जस्टिस संजीव खन्ना की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने यह फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने इस बात पर फैसला नहीं दिया कि ईडी केस में गिरफ्तारी सही थी या गलत। कोर्ट ने मामले को बड़ी बेंच को भेजने की सिफारिश की है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बावजूद केजरीवाल अभी जेल से बाहर नहीं निकल पाएंगे, क्योंकि उन्हें सीबीआई भी गिरफ्तार कर चुकी है।

जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद 17 मई को आदेश सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत के सवाल पर विचार नहीं किया गया है, बल्कि पीएमएल की धारा 19 के मानकों पर गौर किया गया है। सेक्शन 19 और सेक्शन 15 में अंतर बताया गया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक बड़ी बेंच फैसला नहीं कर लेती है, केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया जाए। जज ने फैसला सुनाते हुए यह भी कहा कि केजरीवाल को 90 दिनों से अधिक समय तक जेल में रहना पड़ा है।

वित्त वर्ष 2021-22 की शराब नीति में कथित घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की वजह से गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट की इसी बेंच ने लोकसभा चुनाव के बीच 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी। केजरीवाल ने ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दोनों पक्षों की ओर से लंबी दलीलें चलीं। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने शीर्ष अदालत को बताया था कि हवाला चैनलों के जरिए आम आदमी पार्टी (आप) को पैसे भेजे जाने के सबूत हैं। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया था कि मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का बचाव करने के लिए ईडी द्वारा अब जिस सामग्री का हवाला दिया जा रहा है, वह उनकी गिरफ्तारी के दौरान मौजूद नहीं थी।

केजरीवाल की ओर से याचिका दायर किए जाने के बाद और सर्वोच्च अदालत से फैसला आने से पहले एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी के प्रमुख को सीबीआई भी गिरफ्तार कर चुकी है तो ईडी ने ट्रायल कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी है। ईडी ने चार्जशीट में केजरीवाल को घोटाले का 'मुख्य सरगना' और 'साजिशकर्ता' बताया है। दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी आरोपों को खारिज करते हुए दावा करती रही है कि शराब घोटाले का दावा झूठा है और साजिश के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री को फंसाया गया है।

## सूरत में हीरा कारीगरों ने बनाया मोदी डायमंड, देखने पहुंचे हर्ष संघवी

**सूरत । आरएनएस**



गुजरात के सूरत में हीरों की एक प्रदर्शनी लगी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाला डायमंड आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मोदी डायमंड देखने के लिए पहुंचे।

सूरत के एक हीरा व्यापारी ने लेब्रोन डायमंड पर पीएम मोदी की तस्वीर अंकित की है। यह डायमंड मेक इन इंडिया के तर्ज पर बनाया गया है।

पीएम मोदी की तस्वीर वाले डायमंड को बनाने में करीब एक महीने का समय लगा है। सूरत के 25 हीरा कारीगरों ने मिलकर मोदी डायमंड बनाया है। कारीगरों ने आठ कैरेट के डायमंड पर प्रधानमंत्री की तस्वीर अंकित कर अनोखी कलाकारी का प्रदर्शन किया है।

सूरत के हीरा व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पीएम मोदी ने हमेशा लेब्रोन हीरों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने पिछले साल सूरत में डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा था कि सूरत डायमंड बोर्स श्रमिकों, कारीगरों और व्यापारियों के लिए वन स्टॉप सेंटर है।

## जम्मू-कश्मीर के अखनूर में दिखा संदिग्ध आतंकी, सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

**जम्मू । आरएनएस**

जम्मू-कश्मीर के अखनूर कस्बे में सेना और पुलिस के जवानों ने संदिग्ध आतंकी की सूचना मिलने के बाद चेकिंग अभियान चलाया। इलाके में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

बताया जा रहा है अखनूर कस्बे में चेनाब नदी के पास स्थित गुडा पाटन गांव में एक संदिग्ध आतंकी को देखे जाने की सेना और पुलिस को सूचना मिली थी। इसके बाद सेना और पुलिस ने गुरुवार देर रात संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया, जो शुक्रवार सुबह भी जारी रहा।

स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध को देखा था। उसकी गतिविधियां संदिग्ध थी, इसके चलते उन्होंने तुरंत पुलिस को शख्स के बारे में पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची सेना और पुलिस ने ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन अब तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है।

फिलहाल पुलिस और सेना ने अखनूर में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी है। ऐहतियातन अखनूर के पुराने लोहे के पुल व आर्मी स्कूल समेत नीजी स्कूलों को बंद कर दिया है।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में बीते कुछ समय में आतंकी घटनाएं बढ़ी है। बीते 8 जुलाई को कठुआ में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। इन घटनाओं को लेकर खुफिया विभाग भी अलर्ट मोड पर है। सर्च अभियान जारी है और लगातार घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में सेना पुलिस मिल कर तलाशी अभियान चला रही है।

## अमरनाथ यात्रा : 2.66 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू । आरएनएस**



अमरनाथ यात्रा 2024 लगातार जारी है। बीते 13 दिनों में 2.66 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। शुक्रवार को 4,434 श्रद्धालुओं का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ है।

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा है, इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। उत्साही तीर्थयात्रियों का आना जारी है। 29 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू हुई थी और गुरुवार तक 2.66 लाख से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के अंदर बाबा बर्फानी के दर्शन किए। इनमें 10 हजार से ज्यादा ऐसे तीर्थयात्री शामिल हैं, जो दक्षिण और उत्तर बेस कैंप से हेलीकॉप्टर सेवाओं का इस्तेमाल करके पवित्र गुफा तक पहुंचे।

पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं।

शुक्रवार को 4434 यात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से दो सुरक्षा काफिलों में कश्मीर के लिए रवाना हुए। पहला सुरक्षा काफिला 64 वाहनों में 1,721 तीर्थयात्रियों को लेकर सुबह 3 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दूसरा सुरक्षा काफिला 101 वाहनों में 2,713 तीर्थयात्रियों को लेकर सुबह 3.35 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षा बंधन त्योहार के साथ संपन्न होगी।